महत्वपूर्ण एवं खास

महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में दीपिका-जोशना

भारत की स्टार जोड़ी दीपिका पल्लिकल कार्तिक और जोशना चिनप्पा ने यहां जारी 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में बुधवार को सातवें दिन स्क्वॉश में महिला युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दीपिका-जोशना की जोड़ी ने महिला युगल के पूल-सी में खेले गए मैच में वेल्स की टेस्नी इवांस और डियोन सैफरी की जोड़ी को मात दी। साल 2014 में ग्लास्गो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली दीपिका-जोशना की जोड़ी ने वेल्स की जोड़ी को 30 मिनट के भीतर 2-1 (11-8, 7-11, 11-8) से मात दी और पूल-सी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले, मंगलवार को दीपिका और जोशना की जोड़ी ने पाकिस्तान की फैजा जफर और मदीना जफर की जोड़ी को 2-1 से हराया था। इस भारतीय जोड़ी का सामना अब अंतिम पूल मैच में बुधवार को ही माल्टा की डियाने केलास और क्लोएट सुल्ताना की जोड़ी से होगा।

ओलिंपिक खेलने का अपना सपना नहीं हुआ पूरा, खोल दी अकैडमी

ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में चल रहे कॉमनवेल्थ खेलों में एस लोगाथन की बेटी महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। वह जीत तो नहीं सकीं लेकिन पिछले लगभग 40 साल से ऐथलीट्स को तैयार कर रहे लोगाथन के इरादे अभी भी मजबूत हैं। वह कहते हैं कि

इस बार न सही लेकिन आगे के इवेंट्स में उनकी बेटी जीत जरूर हासिल करेगी। घर की आर्थिक परिस्थितियों के कारण भारत की ओर से आलिंपिक खेलों में जाने का सपना पूरा नहीं कर पाने पर लोगाथन ने टैलेंटेड ऐथलीट्स को ढूंढना और तराशना शुरू कर दिया, जो खुद ये सब वहन नहीं कर सकते थे। पुडुकोट्टाई में कविनाडु युवा स्पोर्ट्स क्लब से निकले उनके छात्र अब तक लगभग 1000 मेडल ला चुके हैं। 12 बार की इंटरनैशनल मेडलिस्ट शांति सौंदराजन और पिछले साल एशियन ऐथलेटिक चैंपियनशिप में भारत को पहली बार दो स्वर्ण दिलाने वाले जी लक्ष्मण जैसे ऐथलीट उनकी अकैडमी से निकले हैं।उन्होंने अपने प्रयास काफी पहले शुरू कर दिए थे लेकिन सफलता देखते हुए 2006 में उन्होंने अकैडमी खोली। हालांकि, सीमित संसाधनों के कारण कई बार मुश्किलें आती हैं, लेकिन मुश्किलों के कारण उनके छात्र और मजबूत बनते जाते हैं। लोगाथन कहते हैं कि अगर कोई संगठन उन्हें उपकरण दिलाने में मदद करेगा तो और बेहचर ट्रेनिंग दी जा सकेगी।

पत्नी हसीन जहां ने किया मोहम्मद शमी के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस

कोलकाता भारतीय टीम के तेज गेंदबाद मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां ने उनपर और उनके घरवालों पर घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया है. हसीन जहां ने कोलकाता के अलीपोर कोर्ट में मामला दर्ज कराया है. जहां ने इससे पहले लालबाजार पुलिस स्टेशन में शमी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था. हसीन जहां के इस कदम के बाद शमी और उनके परिवार की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिख रही है. इससे पहले मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां ने उनपर घरेलू हिंसा, आपराधिक धमकी और जहर के साथ नुकसान पहुंचाने, या सीधे-सीधें कहें कि हत्या करने के प्रयास का आरोप दर्ज कराया था. हसीन जहां ने शमी ही नहीं, बल्कि उनके भाई पर भी दफा 376 के तहत बलात्कार का आरोप लगाया था. हसीन जहां ने कहा था, 'जब पिछले साल मैं अपने सास-ससुर के घर पर गई, तो शमी के बड़े भाई ने मेरे साथ बलात्कार किया. जहां के वकीर जाकिर हुसैन ने कहा कि पुलिस ने मोहम्मद शमी के खिलाफ गैर जमानती धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया. एफआरआई होने के बाद फेसबुक ने हसीन जहां पर बड़ा कदम उठ्राया था. उन्होंने अपनी बात को सही साबित करने के लिए जहां ने मोहम्मद शमी द्वारा महिलाओं को भेजे गए टेक्स्ट मैसेजों को फेसबुक पर पोस्ट किया था. साथ ही, उन्होंने इन महिलाओं के फोटोग्राफ और उनके नंबर भी फेसबुक पर पोस्ट कर दिए थे. जहां ने आरोप लगाते हुए कहा था कि शमी और उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें यातनाएं दी और यहां तक कि उन्हें जान से मारने की भी कोशिश की थी. जिसके बाद फेसबुक ने उनके पोस्ट को डिलीट कर दिया था और अकाउंट को ब्लॉक कर दिया था. जिसके बाद उन्होंने मीडिया को ये बात बताते हुए कहा था, 'मुझे कहीं से भी मदद नहीं मिली तो मैंने फेसबुक का सहारा लिया था. लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा कि फेसबुक ने पोस्ट को डिलीट और अकाउंट क्यों ब्लॉक कर दिया.हसीन जहां ने शमी पर 498, 323, 307, 376, 506, 328, 34 पीनल कोड के तहत आरोप लगाया था।

हरमीत गोल्ड जीतने के बाद पिता से बोले-अब मैं राजा बन गया

ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को गोल्ड मेडल हासिल हुआ है. इस टीम में गुजरात के हरमीत देसाई भी शामिल थे. सूरत निवासी हरमीत की टीम ने सोमवार को नाइजीरिया की टीम को 3-0 से हराकर यह खिताबी जीत दर्ज की थी. हरमीत की जीत से परिजन बेहद खुश हैं. हरमीत देसाई को गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने भी बधाई दी है.।

हमें उपलब्धियों से कभी संतुष्ट नहीं होना चाहिए : कोच हरेंद्र सिंह

आस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में जारी 21वें राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह का कहना है कि खिलाड़ियों को उनकी अब तक उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं होना चाहिए।हरेंद्र ने आईएएनएस के साथ साक्षात्कार में ग्रुप स्तर पर खेले गए अंतिम मैच और सेमीफाइनल की तैयारियों को लेकर बातचीत में यह बात कही।महिला हॉकी टीम ने मैच में दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराने के साथ ही 12 साल बाद सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सेमीफाइनल मंगलवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी।भारतीय महिला हॉकी टीम 12 साल बाद सेमीफाइनल में है। ऐसे में उसके लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी होगा। इस पर कोच हरेंद्र ने कहा, यह सही है कि हमारे लिए यह मैच बेहद जरूरी है। हमें सेमीफाइनल में पहुंचने की खुशी है, लेकिन हमें अपनी उपलब्धियों से कभी भी संतुष्ट नहीं रहना चाहिए। एक खिलाड़ी के अंदर हमेशा जीत की भूख होनी चाहिए, न कि बड़ी उपलब्धि हासिल करने की संतुष्टि।

सिंधू, सायना, श्रीकांत प्री क्वार्टरफाइनल में

ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू और सायना नेहवाल तथा विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को अपने राउंड-32 के एकल मुकाबले जीतकर 21वें राष्ट्रमंडल खेलों के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप की रजत विजेता सिंधू ने अपने अभियान की धमाकेदार शुरूआत करते हुये फिजी की आंद्रा वाइटसाइड को मात्र 18 मिनट में 21-6, 21-3 से पीट दिया। सिंधू ने पिछले ग्लास्गो खेलों में एकल में कांस्य पदक जीता था। वह टखने की चोट के कारण गोल्ड कोस्ट में भारत के मिश्रित टीम स्वर्णिम अभियान का हिस्सा नहीं बनी थीं लेकिन उन्होंने एकल की अपनी शुरूआत से दिखाया कि वह चोट से उबर चुकी हैं।

CWG मेडल टैली : कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की क्या है स्थिति

21वें राष्ट्रमंडल खेलों के छठे दिन भी भारतीय खिलाड़ियों शानदार खेल का प्रदर्शन किया. पिस्टल निशानेबाज हीना सिद्धू ने खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ यहां स्वर्ण पदक जीता जबकि पैरा पावरलिफ्टर सचिन चौधरी ने डोपिंग के इतिहास को पीछे छोड़कर कांस्य पदक अपने नाम किया. पदक तालिका में भारत 11 गोल्ड सहित कुल 21 पदक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बना हुआ है. पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने 50 गोल्ड, 38 सिल्वर और 42 ब्रांज मेडल हासिल किए हैं. दूसरे नंबर पर 74 पदक लेकर इंग्लैंड का कब्जा है.उधर, भारत की बात करें तो भारोत्तोलकों का अभियान समाप्त हो चुका है और कुश्ती अभी शुरू नहीं हुई है तथा मुक्केबाज पदक दौर में ही पहुंचे थे इसलिए भारत के नाम पर आज ज्यादा पदक नहीं जुड़े. भारत हालांकि पदक तालिका में मेजबान आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बाद तीसरे स्थान पर बना हुआ है. भारत ने अब तक 11 स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक जीते हैं.।

भारत में नहीं होगा एशिया कप, यूएई ने छिनी मेजबानी

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने आगामी एशिया कप का आयोजन भारत की जगह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में करने का फैसला लिया है। उक्त फैसला कुआलालंपुर के एसीसी मुख्यालय में हुई बैठक दौरान सर्वसम्मति से लिया गया है। इसके मुताबिक एशिया कप का आयोजन दुबई और अबु धाबी में 13 से 28 सितंबर तक होगा। इसकी मेजबानी भारत के हाथों से सिर्फ इसलिए निकल गई क्योंकि बीसीसीआई भारत सरकार से पाकिस्तान की मेजबानी की अनुमति नहीं ले सकी।

इस एक्टर के बेटे ने स्वीमिंग में जीता ब्रॉज मैडल

बॉलीवुड स्टार किड्स हमेशा लाइमलाइट में रहते हैं और कुछ स्टार्स के बच्चे भी उनकी तरह फिल्मों में नाम कमाना चाहते हैं। वहीं कुछ स्टार किड्स ऐसे भी हैं जिनके बच्चे फिल्मों से दूरी बनाकर अपने दम पर दुनिया में अलग मुकाम हासिल करना चाहते हैं।इन्हीं में से एक है फेमस हीरो आर माधवन का बेटा वेदांत। उन्होंने हाल ही में ब्रॉज मेडल जीत देश का नाम रोशन करके देश का मान बढ़ाया है।

आखिर क्यो आईपीएल चेयरमैन राजीव शुक्ला ने केंद्र से मांगी मदद

इंडियन प्रीमियर लीग के चेयरमैन राजीव शुक्ला ने चेन्नई में होने वाले मैचों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव से मुलाकात की। चेन्नई में कावेरी नदी के जल वितरण को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है और आम जनता प्रदर्शन कर रही है। ऐसे में शुक्ला ने गृह सचिव से मिलकर केंद्र से इस मामले में दखल देने की अपील की है।कई तमिल संगठनों और राजनीतिक पार्टियों ने कावेरी विवाद को लेकर शहर में टी-20 मैच के आयोजन को रद्द करने की मांग की है। तमिल संगठनों ने मांग की है कि मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मैच को रद्द किया जाए।

स्मिथ-वॉर्नर-बेनक्रॉफ्ट को कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से भी किया बाहर

गेंद से छेड़खानी विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नए केंद्रीय अनुबंध में निलंबित पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर के अलावा केमरन बेनक्रॉफ्ट नाम नहीं हैं. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पिछले 12 महीने के प्रदर्शन के आधार पर 2018.19 सत्र के लिए 20 खिलाड़ियों को अनुबंध दिए हैं. इनमें पांच नए खिलाड़ी शामिल हैं.तेज गेंदबाज जे रिचर्डसन, केन रिचर्डसन और एंड्रयू टाय के अलावा हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस और विकेटकीपर एलेक्स कारे अनुबंध पाने में सफल रहे हैं. नए टेस्ट कप्तान टिम पेन और बल्लेबाज शॉन मार्श की भी वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज जैकसन बर्ड, स्पिनर एडम जांपा , हरफनमौला हिल्टन कार्टराइट और विकेटकीपर मैथ्यू वेड के नाम नदारद हैं.स्मिथ और वॉर्नर एक साल के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से निलंबित हैं, जबकि केमरन बेनक्रॉफ्ट पर नौ महीने का प्रतिबंध है.अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची एस्टन एगर, एलेक्स कारे, पैट कमिंस, एरॉन फिंच, पीटर हैंडस्कॉम्ब, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, नाथन लियोन, ग्लेन मैक्सवेल, शॉन मार्श, मिशेल मार्श, टिम पेन, मैट रेनशॉ, जे रिचर्डसन, केन रिचर्डसन, बिली स्टानलेक, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एंड्रयू टाय।

राष्ट्रमंडल खेल (निशानेबाजी) : पुरुष डबल ट्रैप स्पर्धा के फाइनल में अशब, अंकुर



भारत के पुरुष निशानेबाज अशब मोहद और अंकुर मित्तल ने यहां जारी 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में बुधवार को सातवें दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की डबल ट्रैप स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अशब ने इस स्पर्धा के क्वालिफिकेशन दौर में दूसरा और अंकुर ने पांचवां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा के क्वालिफिकेशन में शीर्ष-6 निशानेबाज ही फाइनल में प्रवेश कर सकते हैं और ऐसे में 27 निशानेबाजों के बीच अशब और अंकुर ने फाइनल में पहुंचने के साथ ही स्वयं को पदक की दौड़ में बनाए रखा है। अशब ने क्वालिफिकेशन में 137 अंक हासिल करने के साथ ही शूट-ऑफ में पांच अंक हासिल किए, वहीं अंकुर ने 133 अंक हासिल किए। इस क्वालिफिकेशन में स्कॉटलैंड के डेविड मेकमेथ ने 137 अंकों के साथ शूट-ऑफ में छह अंक लिए और पहला स्थान हासिल किया।

बॉक्सर मेरी कॉम का कमाल, शूटिंग में मिथरवाल को ब्रॉन्ज

21वें कॉमनवेल्थ खेलों के 7वें दिन भारत की शुरुआत कांस्य पदक से हुई है. शूटिंग के पुरुष 50 मीटर पिस्टल इवेंट में ओम मिथरवाल ने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया. उन्होंने फाइनल में 201.1 का स्कोर बनाया. लेकिन, स्टार शूटर जीतू राय 8वें पोजिशन पर जा फिसले. इस स्पर्धा का गोल्ड ऑस्ट्रेलिया के डेनियल रेपाचोली ने कॉमनवेल्थ के रिकॉर्ड 227.2 अंक के साथ हासिल किया. सिल्वर मेडल बांग्लादेश के शकील अहमद (220.5) को मिला. मौजूदा गेम्स में मिथरवाल का यह दूसरा मेडल है. इससे पहले उन्होंने 9 अप्रैल को 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज जीता था.मेरी कॉम ने सिल्वर किया पक्का बॉक्सिंग क्वीन एमसी मेरी कॉम ने 45-48 किलो ग्राम भार वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है. अब वह गोल्ड से महज एक जीत दूर हैं. सेमीफाइनल में मेरी कॉम के आगे श्रीलंका की अनुषा दिलरुक्षी की एक न चली. मेरी ने यह मुकाबला 5-0 से जीता. अनुषा को कांस्य से संतोष करना पड़ा. ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मेरी कॉम पहले कभी राष्ट्रमंडल खेलों में पदक नहीं जीत पाई हैं. इस बार उनके लिए सुनहरा मौका है.मंगलवार को भारत ने सिर्फ दो पदक जीते और आने वाले दिनों के लिए कई मेडल्स पक्के भी किए. आज भारत को शूटिंग, बॉक्सिंग और एथलेटिक्स जैसे खेलों से पदकों की उम्मीद है. पदक तालिका में भारत 22 मेडल्स के साथ तीसरे नंबर पर बना हुआ है।

शूटर श्रेयसी ने भारत को दिलाया 12वां गोल्ड, कुल मेडल हुए 23

भारत की दिग्गज महिला निशानेबाज श्रेयसी सिंह ने गोल्ड कोस्ट में जारी 21वें राष्ट्रमंडल खेलों में बुधवार को सातवें दिन भारत की झोली में 12वां स्वर्ण पदक डाला. श्रेयसी ने महिलाओं की डबल ट्रैप स्पर्धा के फाइनल्स में पहला स्थान हासिल कर सोना जीता. कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में 7वें दिन भारत ने पहला और कुल 12वां स्वर्ण पदक अपने खाते में शामिल कर लिया है. शूटिंग में महिलाओं की डबल ट्रैप स्पर्धा में गोल्ड मेडल के शूट ऑफ में भारत की श्रेयसी सिंह ने दोनों निशाने सही लगाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमा लिया है. श्रेयसी का यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा. ऑस्ट्रेलिया की शूटर एम्मा कॉक्स श्रेयसी से तीन राउंड कर आगे थीं, लेकिन चौथे राउंड में वह महज 18 प्वाइंट्स ही हासिल कर सकीं और उनका स्कोर दूसरी पोजिशन पर मौजूद भारत की श्रेयसी के बराबर हो गया. शूटऑफ में श्रेयसी ने अपने दोनों निशाने सटीक लगाए लेकिन ऑस्ट्रेलियाई शूटर अपना एक निशाना सही नहीं लगा सकीं. गोल्ड मेडल भारत के नाम हुआ. शूटिंग में यह भारत का चौथा गोल्ड है.श्रेयसी ने शूट-ऑफ में आस्ट्रेलिया की एम्मा कॉक्स को एक अंक से हराते हुए स्वर्ण पदक जीता. उन्होंने कुल 98 अंक हासिल किए. सभी चार स्तरों में कुल 96 अंक हासिल करने के साथ उन्होंने शूट-ऑफ में अपने दोनों निशाने सही लगाए और जीत हासिल की.एमा को इस स्पर्धा रजत पदक हासिल हुआ. उन्होंने भी सभी चार स्तरों में 96 अंक हासिल किए थे. वहीं वह शूट-ऑफ में दो निशानों में एक गलत लगाया और इस कारण वह दूसरे स्थान पर रहीं. स्कॉटलैंड की लिंडा पियरसन ने 87 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया. बता दें कि साल 2014 में ग्लोस्गो में आयोजित 20वें राष्ट्रमंडल खेलों में श्रेयसी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक जीता था और इस बार वह अपने पदक के रंग को बदलने में सफल रहीं.मिथरवाल को कांस्य, जीतू ने किया निराश बता दें कि ओम मिथरवाल ने यहां जारी 21वें राष्ट्रमंडल खेलों के सातवें दिन बुधवार को निशानेबाजी में भारत की झोली में एक और कांस्य डाल दिया है. मिथरवाल ने 50 मिटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में बारत को कांस्य पदक दिलाया. उन्होंने कुल 201.1 स्कोर के साथ कांसे पर कब्जा जमाया. वहीं, जीतू राय ने निराश किया. वह 105 का स्कोर कर पहले ही पदक की दौड़ से बाहर हो गए. स्पर्धा का स्वर्ण ऑस्ट्रेलिया के डेनियल रेपाचोली के नाम रहा जिन्होंने 227.2 का कुल स्कोर करते गुए गेम रिकॉर्ड बनाया. वहीं, रजत पदक बांग्लादेश के शकील अहमद के नाम रहा. जिन्होंने 220.5 का स्कोर किया. मिथरवाल और जीतू ने यहां क्वालीफिकेशन में क्रमशः पहला और छठा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश कियाा. जीतू ने कुल 542 का स्कोर करते हुए फाइनल में जगह बनई तो वहीं मिथरवाल ने 549 का स्कोर किया. मिथरवाल ने पहली सीरीज में 89, दूसरी में 90, तीसरी सीरीज में 92, चौथी सीरीज में 95, पांचवीं सीरीज में 62 और आखिरी सीरीज में 94 का स्कोर किया. वहीं जीतू ने 93, 91, 87, 89, 93, 89 का स्कोर किया।